हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री


12 सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजन, ग्रुप डांस में तनीषा व नगीना ने मारी बाजी





12 ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में 14 परिवादों पर सुनवाई, 11 का मौके पर हुआ निपटारा




## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 3 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने सिरसा के कनोठ निवासी रामकिशन को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 1 फरवरी को केस दर्ज किया था। हादसे में कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया था। पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बायल निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी स्विफ्ट कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ढाणी नंगला परसापुर में गत 15 जनवरी को दो गुटों के की बीच हुए झगड़े में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत के आधार पर कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष पर हमला करने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने गांव निवासी प्रताप, दीपक, मंजू देवी व खुबशु को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हत्या के प्रयास का आरोपी वारंट पर

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट करते हुए हत्या का प्रयास करने के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। हत्या व हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने बीते माह गोकलगढ़ निवासी अनुज उर्फ डॉक्टर को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। धारूहेड़ा पुलिस की ओर से 11 जनवरी को दर्ज हत्या के प्रयास में मामले में भी वह वांछित था। पुलिस ने जेल में बंद चले आ रहे अनुज को पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में चार आरोपी किए काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामलों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 19 जनवरी को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गंगायचा अहीर निवासी सचिन, शीतल, दीपक व योगेंद्र को गिरफ्तार किया है। रामपुरा पुलिस ने गत 6 जनवरी को दर्ज किए गए मामले में गोकलगढ़ निवासी हितेष को गिरफ्तार किया है। बाद में सभी आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### यादव सभा का नि:शुल्क जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 15 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी।

*ऐतिहासिक धरोहरों के निरीक्षण के लिए पहुंचे, बाद में अधिकारियों के साथ की बैठक*

# विस पर्यावरण समिति के तेवर हुए गरम, व्यवस्था सुधारने के लिए तीन माह का अल्टीमेटम दिया

## प्रदूषण नियंत्रण समिति के चेयरमैन ने मसानी बैराज के पानी का नमूना लेकर जांच कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधानसभा की पर्यावरण समिति ने शुक्रवार को शहर की ऐतिहासिक धरोहरों का निरीक्षण करते हुए बड़ा तालाब की बदहाल व्यवस्था को देखकर तेवर तीखे कर लिए। समिति ने अधिकारियों को 3 माह में तालाब की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस अवधि के बाद फिर से निरीक्षण किया जाएगा। व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो विधानसभा में इसकी रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। प्राचीन धरोहरों को लेकर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य घनश्यामदास अरोड़ा व रामकुमार कश्यप शुक्रवार सुबह पहले बड़ा तालाब पहुंचे। उनके साथ डीसी अभिषेक मीणा और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। तालाब की सफाई व दूसरी व्यवस्थाओं को देखकर समिति ने नाराजगी जाहिर की। समिति के सदस्यों ने कहा कि प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित और साफ-सुथरा बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। इन धरोहरों को लेकर पहले भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं, परंतु इस दिशा में आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। इन धरोहरों के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तीनों विधायकों ने अधिकारियों को निर्देश दिए के आगामी 90 दिनों के अंदर बड़ा तालाब की व्यवस्था को पूरी तरह सुधारा जाए। इसमें किसी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति तीन माह बाद एक बार फिर से निरीक्षण करने के लिए आएगी।

### लंबित परियोजनाओं पर लिया फीडबैक

निरीक्षण के बाद तीनों विधायकों की समिति ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों से बैठक की। बैठक में लंबित परियोजनाओं को पूरा करने की दिशा में फीडबैक लिया गया। औद्योगिक कस्बों के प्रदूषण और कूड़ा निष्पादन को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की गई। लंबित परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों से स्पष्टीकरण देने को भी कहा गया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने शहर के चारों गेट को सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवरेज को चॉक होने से बचाने के लिए नालियों के मुहाने पर जालीदार चैंबर बनवाए जाएं। यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद के डंपिंग यार्ड पर शेड लगवाएं जाए। इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि पौधारोपण करते समय वन विभाग के अधिकारी ट्री गार्ड अवश्य लगवाएं।



एचटीपी प्लांट का भी किया निरीक्षण



### सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के निर्देश

बड़ा तालाब और इसके आसपास फैली गंदगी को देखते हुए समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बड़ा तालाब पर 4 स्थाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएं। समिति सदस्यों ने कहा कि बड़ा तालाब का ऐतिहासिक महत्व है, जिस कारण इसे साफ-सुथरा बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

समिति के चेयरमैन लक्ष्मण सिंह यादव व सदस्य विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने डीसी अभिषेक मीणा व अधिकारियों के साथ नसियाजी रोड पर एसटीपी, रामसिंहपुरा की डंपिंग साइट, बारमाल्ट प्लांट, गांव कापड़ीवास में पशुपति मिल का निरीक्षण किया। प्रदूषण नियंत्रण समिति के चेयरमैन ने निरीक्षण के दौरान बार माल्ट कालियावास फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी के ट्रीटमेंट के बाद सैंपलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने मसानी बैराज के पानी का नमूना लेकर जांच कराने और इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह में कमेटी को भिजवाने के निर्देश दिए हैं। समिति ने बड़ा तालाब की सफाई कराकर, इसमें स्वच्छ जल भरने के भी निर्देश दिए। लिफ्ट कैनाल के चीफ इंजीनियर सुरेश यादव ने बताया कि मसानी बैराज का काम अगले दो माह में शुरू हो जाने की संभावना है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी निपुण गुप्ता ने बताया कि इस समय एक्यूआई 136 है। प्रदूषण के मामलों में 7 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया है, इसकी 50 प्रतिशत राशि प्रदूषण नियंत्रण के कार्य पर खर्च हो सकती है। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, डीएससी ब्रह्मप्रकाश अहलावत, विधानसभा समिति के कमेटी ऑफिसर सुनील नैन, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ देवेंद्र दहिया, एचएसवीपी के कार्यकारी अधिकारी दीपक घनघस, जिला वन मंडल अधिकारी दीपक प्रभाकर पाटिल, नगर परिषद के एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रविंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता वीपी चौहान, कैप्टन देवदत्त व बलराज अहलावत मौजूद थे।

*डीटीपी की बावल क्षेत्र में कार्रवाई*

# तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी की जमींदोज



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

- डीटीपी की कार्रवाई से कॉलोनाइजर व प्रोपर्टी डीलरों में मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को बावल ने नैचाना रोड की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित कॉलोनी व अवैध निर्माणों पर एक्शन लिया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम बावल-नैचाना रोड स्थित कालड़ावास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में 8 डीपीसी, 3 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज किया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें : सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



# पुलिस ने बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग देने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से पैदल गश्त की जा रही है। वीरवार रात्रि खोल थाने से इंस्पेक्टर गजराज सिंह, कसोला थाने से इंस्पेक्टर सतीश कुमार, रामपुरा थाने पीएसआई मनीष कुमार, गढ़ी बोलनी चौकी इंचार्ज एसआई महिपाल, सेक्टर-3 चौकी इंचार्ज पीएसआई राकेश कुमार व भाड़ावास गेट चौकी इंचार्ज एसआई सुमन ने टीमों के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पैदल गश्त की। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग देने की अपील की। पुलिस की टीमों ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे,यही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। गश्त के दौरान दुकानदारों की समस्या सुनती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### भारती यादव का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**कुंड।** गांव ढाणी राधा निवासी भारती यादव का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। क्षेत्र के विधायक डा. कृष्ण ने इस उपलब्धि पर भारती यादव को बधाई दी है। भारती पूर्व प्राचार्य ओमपाल सिंह की पुत्रवधु है। उप जिला शिक्षा अधिकारी संतोष तंवर ने कहा कि भारती की ये उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। रवि यादव, भाजपा नेता डा. अरविंद यादव, जीतू चेयरमैन, जिला भाजपा सचिव दिनेश टीट,यशु चेयरमैन, पूर्व जिला पार्षद गीता, मंडल प्रधान सुभाष यादव, मास्टर नरेंद्र यादव, एनिमेट पर्सन जीवनराम गर्ग, डा. एचडी यादव, सरपंच संजय यादव राधा की ढाणी, पूर्व हसला प्रधान अनिल यादव, पूर्व प्राचार्य रामचंद्र यादव, सुमित्रा यादव, कमल सिंह, हेडमास्टर जितेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र, कमल सिंह,अभय सिंह, राजीव यादव, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, भोमसिंह, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह, डा. शेरसिंह,डा.कंवरलाल और गोरक्षक नीरज ने भारती को बधाई दी है।



भारती यादव

# बदमाशों को हथियार उपलब्ध कराने के मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

- इस मामले में पांच आरापी पहले ही गिरफ्तार हो चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत 10 जनवरी की रात गांव जीतपुरा से मीरपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर सीआईए व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए बदमाशों को हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गोकलगढ़ निवासी अनुज उर्फ डॉक्टर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मामले में संलिप्त पांच आरोपी हर्ष उर्फ तोतला उर्फ चीता, नीरज उर्फ अज्जू, विकास उर्फ मोटू, रितिक सहित उन्हें हथियार देने वाले आरोपी तरुण उर्फ तन्नु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की ओर से पूछताछ में आरोपी तरुण उर्फ तन्नु ने बताया था की उसे यह अवैध हथियार गांव गोकलगढ़ निवासी अनुज उर्फ डॉक्टर ने उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने वीरवार को अनुज उर्फ डॉक्टर को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में अनुज उर्फ डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

# शराब के नशे में कड़बी में लगाई आग एक एकड़ का पशुचारा जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार की रात घुड़कावास में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी चाची के पशुचारे में आग लगा दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, परंतु इस दौरान कड़बी जलकर राख हो गई। गांव की एक महिला बबली ने डायल-112 पर सूचना दी कि उसके जेठ के बेटे ने शराब पी रखी है। उसने उसकी कड़बी में आग लगा दी है।



रेवाड़ी। घुड़कावास में आग में जलता पशुचारा। फोटो : हरिभूमि

### फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच

सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंची तो कड़बी में आग लगी हुई थी। इसी दौरान फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन इस दौरान एक एकड़ जमीन की कड़बी जलकर राख हो गई। समाचार लिखे जाने तक महिला की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी, जिस कारण पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था।

### स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ भविष्य की नींव का संदेश दिया

- आरडीएस गर्ल्स कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

**रेवाड़ी।** आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से गांव कोनसीवास में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। पॉलीथन मुक्त गांव की थीम पर कैंप में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ भविष्य की नींव का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडवोकेट निशांत यादव ने कहा कि ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने की। एनएसएस विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें संवेदनशील नागरिक बनाता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी शर्मा ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। गांव के सरपंच सुनील यादव ने अतिथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रो. मिथलेश यादव ने किया। इस अवसर पर एनएसएस टीम के सदस्य डा.परवीन, क्रांति शर्मा व लोकेश्वर शर्मा भी उपस्थित थे।





रेवाड़ी। एनएसएस कैंप के समापन पर मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

*आज भी छाए रह सकते हैं बादल, बारिश की अभी कोई संभावना नहीं*

# छाए रहे आंशिक बादल, पारा गिरने से नरम पड़े मौसम के तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सप्ताह के अंत में आसमान में आंशिक बादल छाते ही मौसम के तेवर नरम पड़ने शुरू हो गए। तापमान में गिरावट के बाद दिन के समय मौसम ठंडा बना रहा। शनिवार को भी आंशिक बादल छाने की संभावना है, परंतु बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान साफ बना रहा। दोपहर बाद आंशिक बादल छा गए। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की गिरावट के साथ 25.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री की कमी के साथ 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 55 प्रतिशत तक रहा। हवाओं की रफ्तार काफी कम लगभग 5 किलोमीटर प्रति घंटा रही। फरवरी का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने से पहले ही मौसम का मिजाज गर्म बना हुआ था। दो दिन पहले रात का तापमान 12.6 डिग्री पर पहुंच गया था। दिन का तापमान भी 27 डिग्री पार कर गया था। दिन के समय गर्म कपड़े शरीर को चुभने लगे थे। शुक्रवार को बादल छाने के बाद दोपहर के समय भी मौसम ठंडा बन गया। शाम के समय एक बार फिर सर्दी ने उपस्थिति दर्ज कराई। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार को भी बादल छा सकते हैं, परंतु अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। तापमान में उतार-चढ़ाव लगातार बना रहने की संभावना है। एक्यूआई भी कम बना हुआ है। शुक्रवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 186 दर्ज किया गया।



रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### सरसों की कटाई का समय करीब

*मौसम इस बार लगातार फसलों के अनुकूल बना रहा है। सरसों की अगेती फसल पककर तैयार होने लगी है। फरवरी के अंत तक अगेती सरसों की कटाई शुरू हो सकती है। गेहूं की फसल में दाना बनना शुरू हो गया है। पछेती फसल बालियां निकाल रही है। दोनों ही फसल इस बार पाला से लेकर ओलावृष्टि तक से बची हुई हैं। अभी ओलावृष्टि या बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। मौसम इसी तरह का बना रहा, तो इससे अच्छा फसल उत्पादन होने की उम्मीद है।*

### पायलट चौक के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रेवाड़ी।** शुक्रवार सुबह राजेश पायलट चौक के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि पायलट चौक के पास शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने शव का मुआयना किया, तो उसके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में शव को सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस के अनुसार व्यक्ति की मौत अत्यधिक नशे का सेवन करने से होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।



लाइफ Style

## तृप्ति

# ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल


**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**


अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई ने रामपुरा पीएचसी को भेंट किया सामान

**नारनौल।** रेवाड़ी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा की तरफ से सीएसआर स्कीम के तहत एक लाख रुपये के विभिन्न जरूरी सामान प्राइमरी हेल्थ सेंटर रामपुरा को उपलब्ध कराया गया। जिसमें इलाज कराने वाले मरीजों को सुविधा मिल सके। बैंक ने इसके द्वारा अपने सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के प्रति अपने समर्थन को समझा है। सामान के विवरण अनुसार एक वाटर कूलर, दस सोलर लाइट, तीन स्टील बैंच, दो कुर्सी तथा पांच पंखें दिए गए हैं। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक जगनलाल एएमसीसी नारनौल, मुख्य प्रबंधक रामनिवास नाहरवाल, गोस्वामी मार्केट के मुख्य प्रबंधक हरजीत सिंह, नारनौल शाखा क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय से प्रबंधक अरुण कुमार ने पीएचसी रामपुरा का धन्यवाद किया व सामान को मरीजों की सुविधा के लिए समर्पित किया।

### टीम सिहर ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**नारनौल।** गांव खातौली अहीर में आठ फरवरी से चली आ रही पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो चुका है। जिसमें सिहार की टीम विजेता बनी। इस टूर्नामेंट में कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला खातौली जाट और सिहार के बीच खेला गया, जिसमें सिहार की टीम विजेता बनी। फाइनल मैच बिहारीपुर और सिहार के बीच खेला गया निर्धारित 10 ओवर में सिहार की टीम ने 100 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहारीपुर की टीम एक समय पर बहुत मजबूत स्थिति में थी। विजेता टीम सिहार को 21000 व ट्रॉफी, उपविजेता बिहारीपुर टीम को 11000 व ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर आने वाली कमानिया टीम को 3100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।

# राजकीय कॉलेज नारनौल में दो दिवसीय आगाज-ए-बसंत उत्सव का शुभारंभ

**बसंत पर्व सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का संवाहक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय "आगाज-ए-बसंत उत्सव" का भव्य शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रधानाचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन संबोधन में प्रोफेसर राजवीर सिंह ने भारत में पर्वों और उत्सवों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में त्योहार केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों के संवाहक हैं। उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए प्राचीन कवियों एवं समाज सुधारकों की भूमिका पर विशेष बल दिया, जिन्होंने ऐसे उत्सवों के माध्यम से समाज सुधार, जन-जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।



नारनौल। बसंत उत्सव का शुभारंभ करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

### रंगोली प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीना कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु रंगोली, पोस्टर मेकिंग, स्किट (नाट्य प्रस्तुति) तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### ये रहे उपस्थित

महाविद्यालय परिषद की ओर से कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हवा सिंह के नेतृत्व में मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेश यादव, प्रोफेसर सतीश सैनी सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण रहा। दो दिवसीय "आगाज-ए-बसंत उत्सव" के अंतर्गत आगामी दिवस भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का भरपूर अवसर प्राप्त होगा।

**जन भागीदारी से जोड़कर ग्राम पंचायतों को सौंपी पेयजल व्यवस्था**

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनाया जल अर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में "जल अर्पण दिवस" बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागके मार्गदर्शन में ब्लॉक निजामपुर के बिगोपुर, सतनाली के डिगरोता, खंड सिहमा के अटाली तथा महेंद्रगढ़ के आदलपुर गांव में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल प्रबंधन तथा पंचायत हैंडओवर योजना के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल योजनाओं का संचालन और रखरखाव अब ग्राम पंचायतों द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक किया जाएगा, जिससे योजनाओं की स्थायित्व और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान खंड संसाधन संयोजक अशोक कुमार, पूजा रानी, अनीता और धर्मेन्द्र ने ग्रामीणों को जल अर्पण दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है और इसकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। "जल बंधन" कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को जल स्रोतों की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। "जल परिक्रमा" के माध्यम से गांव की पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें जल स्रोत, टंकी, पाइपलाइन और वितरण व्यवस्था का अवलोकन शामिल था। "जल संकल्प" के जरिए उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण, स्वच्छता और नियमित रखरखाव का वचन लिया।



नारनौल। विभागीय टीम पेयजल व्यवस्था पंचायत को अर्पित करती हुई।

### जलवीरों को किया सम्मानित

इस अवसर पर जलवीरों—जिनमें महिलाएं, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य तथा नलकूप और मोटर चालक शामिल थे—को सम्मानित किया गया। उनके योगदान की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि जल योजनाओं की सफलता में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को विशेष रूप से बिल संग्रहण, जल गुणवत्ता निगरानी और जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

### जलसंचालन की सौंपी जिम्मेदारी

अधिकारियों ने पंचायत हैंडओवर योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को जल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। समिति के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पंचायतों को प्राप्त टाइड बजट का उचित उपयोग जल स्रोतों की मरम्मत, पाइपलाइन सुधार, मोटर रखरखाव तथा जल गुणवत्ता जांच में किया जाएगा। इससे योजनाएं नियमित रूप से संचालित होंगी और समय पर आवश्यक सुधार कार्य संभव हो पाएंगे। कार्यक्रम में एसएचजी के माध्यम से पेयजल बिल संग्रहण की प्रक्रिया, नियमित जल सैंपलिंग और गुणवत्ता जांच की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 18001805678 और 9041741800 पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# बीआर स्कूल में छात्रा दीपांशी व समृद्धि बनी स्टूडेंट ऑफ द मंथ

- बीआर स्कूल में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ एवं बेस्ट स्टाफ ऑफ द मंथ पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस दौरान कक्षा पांचवीं से दीपांशी पुत्री सुनील, समृद्धि पुत्री राजीव, कक्षा छठी से वंशिका पुत्री राकेश, माही पुत्री प्रवीण, कक्षा सातवीं से वंदना पुत्री मनोज, ईशांत पुत्र बलजीत, कक्षा आठवीं से हैप्पी पुत्र सत्यवान, मान्सी पुत्री संदीप, कक्षा नौवीं से तेजस्विनी पुत्री कुलदीप, प्राची पुत्री रविंद्र, कक्षा दसवीं से शालु पुत्री राममेहर, नमन पुत्र अजीत तथा कक्षा 11वीं से अनुज पुत्र श्योरतन, रितेश पुत्र गौतम को स्टूडेंट ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं स्टाफ आफ द मंथ पुरस्कार प्री-प्राइमरी विंग से सुमन बाई तथा अपर विंग से नीलम यादव को दिया गया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। इससे बच्चों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना है। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं।



# स्किल डेवलेपमेंट व स्टार्टअप पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखी दादरी के प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि वे किस प्रकार न्यूनतम लागत में नए-नए स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं तथा स्वयं रोजगार सृजित करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि वे भविष्य में बेरोजगार न रहकर रोजगार देने वाले बन सकें। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए फिजिक्सवाला, जोमैटो, स्विग्गी सहित अन्य सफल स्टार्टअप्स के उदाहरण देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य विजय यादव ने विद्यार्थियों को नए युग की रोजगार चुनौतियों एवं उनसे निपटने के तरीकों की जानकारी दी तथा शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता को अपनाने पर बल दिया। महाविद्यालय प्रोफेसर जितेंद्र वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे छोटे-छोटे ऐप्स एवं नवाचारों के माध्यम से स्वयं का रोजगार सृजित कर सकते हैं। सहायक प्रोफेसर अलका ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, भविष्य में आने वाले अवसरों, चुनौतियों तथा उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर संक्षेप

### कॉमर्स ओलंपियाड में यदुवंशी का शानदार प्रदर्शन



महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थियों ने आईसीएआई द्वारा आयोजित कॉमर्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शानदार सफलता हासिल की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आईसीएआई कॉमर्स ओलंपियाड देशभर के कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। इसका उद्देश्य छात्रों में अकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स, बिजनेस स्टडीज और वित्तीय ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उन्हें पेशेवर कोर्सों के लिए प्रेरित करना है। यदुवंशी स्कूल के प्रतिभाशाली 44 विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें प्रिया पुत्री मंजीत ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त यूनीक कुमार, जय भगवान, निशा, अमन राव, यश कुमार, तनीश कुमार, गौरव प्रत्येक ने 2400 रुपये की धनराशि प्राप्त की व अन्य विद्यार्थियों ने 1800 व 1200 रुपये प्राप्त करते हुए कुल 81,600 रुपये की राशि यदुवंशी विद्यार्थियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप जीती। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना से की गई। विद्यार्थियों ने महाशिवरात्रि के महत्व पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए तथा भक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी कामन मोह लिया। इसी अवसर पर विद्यालय में क्ले मॉडलिंग (मिट्टीकला) गतिविधि का भी आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर, प्रकृति तथा सामाजिक विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता और कौशल का विकास करना था। विद्यालय चेयरमैन राव रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### विद्या भारती स्कूल में सीनियर को जूनियर ने दी विदाई



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन राजकुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपने गुरूजनों का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल हितेश पुत्र शेर सिंह निजामपुर तथा मिस फेयरवेल उदिता किरार पुत्री करतार सिंह मेहाड़ा गुर्जरवास रहे। इस अवसर पर संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य विनोद कुमार तथा प्राईमरी इंचार्ज विजय सोनी सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे। संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि स्कूली शिक्षा व कॉलेज शिक्षा में काफी अंतर होता है। 12वीं कक्षा के पश्चात बच्चों को अपना मार्ग स्वयं तय करना पड़ता है।

### सूरज स्कूल में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



**नारनौल।** शहर के सूरज स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रितु चहल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ट्रैफिक नियम, रोड साइन, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि सड़क पर चलते समय सावधानी और नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बच्चों को उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रधानाचार्या रितु चहल ने कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए, ताकि बच्चे बड़े होकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### आरपीएस कॉलेज में एनएसएस शिविर आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से एक-दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश डागर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कुल 200 स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा और श्रम के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। स्वयंसेवकों ने श्रमदान के महत्व को चरितार्थ करते हुए कॉलेज प्रांगण की व्यापक स्तर पर सफाई की। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव ने भी एनएसएस इकाइयों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान ने भी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार भी उपस्थित रहे,।

# एनएसएस शिविर में छात्रों ने की सामाजिक स्थलों की सफाई




**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन को सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मंदिर परिसर, आसपास की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान के पश्चात शिविर के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश देना रहा। इसके उपरांत एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान उप सिविल सर्जन डॉ. जगमोहन यादव द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है, जो एंटीबायोटिक दवाओं के गलत, अनावश्यक एवं अधूरे उपयोग के कारण तेजी से बढ़ रही है। प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि ऐसे जागरूकता व्याख्यान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर विषयों को समझने में सहायक होते हैं तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा से जुड़े रहने का संदेश दिया।

**कार्यक्रम** | **मिशन उड़ान के तहत शिक्षा को मिला नया संबल**

# रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स ने गर्ल्स हाई स्कूल में छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से मिशन उड़ान के अंतर्गत गर्ल्स हाई स्कूल में जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके विद्यालय आने-जाने को सुरक्षित और सुगम बनाना है। क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि यह सेवा कार्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रविंद्र गुगनानी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना भी है। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, उनकी सुरक्षा बढ़ेगी तथा वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। बेटियों की शिक्षा में सहयोग करना समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जब हमारी बेटियां शिक्षित होंगी, तभी देश प्रगति करेगा। वह रोटरी क्लब के इस सेवा भाव को नमन करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि यह पहल केवल साइकिल वितरण नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को गति देने का प्रयास है। रोटरी क्लब निरंतर अपने सामाजिक कार्यों से समाज में प्रेरणादायक भूमिका निभा रहा है। आशा है कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर चलते रहेंगे।



नारनौल। छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

क्लब के सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया कि मिशन उड़ान के तहत विभिन्न विद्यालयों में साइकिल वितरण अभियान जारी रहेगा। साथ ही क्लब द्वारा 17 फरवरी को रेड क्रॉस भवन, मिनी सेक्रेटेरिएट में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। क्लब के उपप्रधान अनिल यादव ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन शीतल भार्गव एवं महेश सैनी रहे। इस अवसर पर अमित सैनी, सोनू सैनी, विद्यालय स्टाफ, रोटेरियन्स एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्राओं ने साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और रोटरी क्लब का आभार जताया।

### खेल प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने लिया भाग

**नारनौल।** दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हाउस एवं कक्षा स्तर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल मुखिजा द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाकर किया गया। इसके पश्चात कक्षा-वार एवं हाउस-वार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, रिले रेस, लेमन रेस, खो-खो, लंबी कूद, स्केटिंग तथा रस्साकशी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं शामिल रही। कक्षा स्तर पर आयोजित खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं हाउस वाइज प्रतियोगिताओं में टीमवर्क, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। समापन पर विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**सूचना**

मैं, GULAB KOR विधवा आर्मी नंबर 7040254F रैंक एक्स. हवलदार शेर सिंह निवासी गांव जुड्डी, तह. कोसली, जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 01-07-1942 दर्ज है जबकि मेरी सही जन्म तिथि 01-01-1940 है। मैंने अपना नाम भी GULAB KAUR से बदलकर GULAB KOR रख लिया है। उपरोक्त दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सभी कार्यों के लिए मुझे सिर्फ GULAB KOR के नाम से जाना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भगवान शिव की वंदना का कार्यक्रम 15 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 15 फरवरी को शिवरात्रि के पावन पर्व पर पंजाबी धर्मशाला में शिव की वंदना का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि और आशियाना वृद्धाश्रम के अध्यक्ष दिनेश राजपाल विशिष्टातिथि होंगे।

### नठेड़ा में महाशिवरात्रि पर खेल प्रतियोगिता आज

**कोसली।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नठेड़ा गांव में 14 फरवरी को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 14 फरवरी को वालीबॉल शूटिंग व 16 फरवरी को क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होगी। गांव के सरपंच मनोज कुमार ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 31000 नकद एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय विजेता टीम को 21000 और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रेवाड़ी।** अग्निपथ योजना-2027 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल एक अप्रैल तक खुला रहेगा। उम्मीदवार योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन कर सकते है। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के भर्ती निर्देशक ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यार्थी द्वारा प्रति आवेदन परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

## राजस्व मंत्री विपुल गोयल बोले, शिकायतों का तत्परता से निवारण करें

# ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में 14 परिवादों पर सुनवाई, 11 का मौके पर हुआ निपटारा






रेवाड़ी। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में शिकायत सुनते मंत्री विपुल गोयल व बैठक में मंत्री के समक्ष शिकायत रखते हुए परिवादी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शुक्रवार को हुई जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की दुःख तकलीफ को समझते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें। इससे लोगों का भी अपने क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी पर विश्वास बढ़ता है। बाल भवन सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति बैठक में राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने दो लंबित एवं 12 नए परिवादों सहित 14 मामलों की सुनवाई की और उनमें से 11 का मौके पर निपटारा किया गया, जबकि तीन मामलों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया है।

**राजस्व मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए वन मित्र को सात हजार अपनी तरफ से और 24 हजार रुपये विभाग की तरफ से दिलवाने का आश्वासन दिया**

**मंत्री ने बावल नगर पालिका के सचिव अनिल कुमार को डिले फाइल चलवाकर डेथ सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए**

बैठक में गांव बुडानी के वन मित्र अंकित लांबा ने शिकायत रखी कि उसने बतौर वन मित्र नवंबर माह से मार्च 2025 तक काम किया और 624 पौधे रोपित किए, लेकिन उसे अभी तक अपना मेहनताना पूरा नहीं मिला। राजस्व मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए वन मित्र को सात हजार अपनी तरफ से और 24 हजार रुपये विभाग की तरफ से दिलवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण जो पौधे खराब हुए हैं, उस एरिया के वन कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। गांव खेड़ा आलमपुर निवासी शीशराम ने बताया कि उसके जमीन पर पंचायत ने टाइलें बिछवा कर कब्जा कर लिया है। राजस्व मंत्री ने इस मामले में नायब तहसीलदार को जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य राजकुमार और सुरेंद्र की मौजूदगी में पैमाइश कराकर मामले का समाधान कराने के निर्देश दिए। गांव जाडरा निवासी बबीता देवी ने शिकायत दी कि उसकी बेटी की मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं बन रहा है, जिस कारण परिवार पहचान-पत्र से उसका नाम नहीं कट पाया है। मंत्री ने बावल नगर पालिका के सचिव अनिल कुमार को डिले फाइल चलवाकर डेथ सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए। गांव रामपुरा में बस्ती के कुछ निवासियों ने शिकायत रखी कि सीवरेज लाइन नहीं होने के कारण दूषित पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। राजस्व मंत्री ने क्षेत्र में दो सीवरेज चैंबर व लाइन डलवाने के निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, जिला नगर आयुक्त ब्रह्म प्रकाश, रेवाड़ी के एसडीएम सुरेश कुमार, कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, नगराधीश जितेंद्र कुमार, भूमि अधिग्रहण अधिकारी अनुपमा, डीएसपी डा. रविंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल व कुलदीप चौहान सहित विभागीय अधिकारी व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य मौजूद थे।

# यूथ फेस्टिवल में आईजीयू के विद्यार्थी छाए, सात पुरस्कार जीते



रेवाड़ी। विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

- पुरस्कार जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एआईयू के 39वें इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में 7 पुरस्कार जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। निदेशक छात्र कल्याण प्रोफेसर अदिति शर्मा ने बताया कि एआईयू की ओर से 39वां इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल महर्षि मार्कंडेश्वर डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय मुलाना अंबाला में आयोजित किया गया था, जिसमें आईजीयू ने 27 विधाओं में से 26 विधाओं में 60 सदस्यीय दल के साथ भाग लिया, जिसमें 40 विद्यार्थी, 17 अकंपनिस्ट तथा 3 कंटीजेंट इंचार्ज शामिल थे। विजेता टीम का विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। महोत्सव में हरियाणा, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के लगभग 30 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा।

### प्रतियोगिता में विवि की उपलब्धियां

विवि ने माइम में द्वितीय स्थान, समूह लोक नृत्य में तृतीय स्थान, वन एक्ट प्ले में चतुर्थ स्थान, क्रिएटिव कोरियोग्राफी में पांचवा स्थान, स्किट में पांचवा स्थान, समूह गीत भारतीय और समूह गीत पश्चिमी में पांचवा स्थान प्राप्त किया। माइम टीम तथा हरियाणवी समूह नृत्य टीम का चयन 10 से 14 मार्च को होने वाले एआईयू नेशनल यूथ फेस्टिवल चेन्नई के लिए हुआ है। विवि में आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कुलपति ने कंटीजेंट इंचार्ज डा. कुसुम यादव, डा. नवनीत कौशल, डा. अनीता यादव तथा डा. सुशांत यादव सहित छात्र कल्याण विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने आरपीएस कॉलेज से सांस्कृतिक इंचार्ज एवं थिएटर निर्देशक रमेश सापड़ा, नृत्य कोरियोग्राफर सागर सैनी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति के निर्देशक रविंद्र को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू पुरी, सहायक प्रोफेसर डा. जगीर नागर, डा. शकुंतला व केएलपी कॉलेज से डा. मोनिका सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### नई अनाजमंडी में श्याम बाबा का जागरण 22 को

**रेवाड़ी।** श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से 22 फरवरी को नई अनाजमंडी स्थित किसान भवन में फाल्गुन माह में श्याम बाबा के विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में 16 फरवरी को अनाजमंडी शिव मंदिर से शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा को सुबह 9 बजे मुख्यातिथि समाजसेवी प्रदीप बाम्बड़ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जबकि अध्यक्षता प्रकाश चंद गुप्ता मायण वाले करेंगे। निशान यात्रा शहर के सरकुलर रोड से मेन बाजार से होते हुए वापस मंदिर में सम्पन्न होगी। किसान भवन में 22 फरवरी को श्रीश्याम बाबा के फाल्गुन महोत्सव का आयोजन होगा। जागरण शाम 3 बजे से बाबा की इच्छा तक आयोजित होगा। जागरण के आयोजन को लेकर श्याम भक्तों की ओर से अनाजमंडी व शहर के सभी चौराहों व मार्गों को श्री श्याम ध्वजा लगाकर सजाया जा रहा है।



रेवाड़ी। जागरण की तैयारियों को लेकर शहर में लगाई गई श्याम ध्वजा।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं की जानकारी देते बैंक अधिकारी।

### ग्रामीणों को बैंक योजनाओं की दी जानकारी

**कोसली।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक और हरियाणा ग्रामीण बैंक की जाटूसाना शाखा की ओर से गांव सूमा खेड़ा में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक रूपेंद्र यादव ने बैंक की ऋण योजनाओं, हाउसिंग लोन, वाहन ऋण, केसीसी तथा बैंक की जमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार जय सिंह दहिया ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन ज्योति योजना के लिए बीमा धारक की उम्र 18 से 50 साल तक होनी चाहिए। इसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये है। इस योजना में अगर किसी बीमा धारक कि मृत्यु हो जाए तो उसे 2 लाख क्लेम दिया जाता है। प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना में अगर किसी बीमा धारक कि दुर्घटना में मृत्यु हो जाए तो उसे भी 2 लाख का क्लेम दिया जाता है। दुर्घटना चाहे वाहन से या सांप काटने से आकाशीय बिजली गिरने से हो। इसमें बीमा धारक कि उम्र 18 से 60 साल तक होनी चाहिए।

### राजकीय कॉलेज जाटूसाना के एनएसएस कैंप का समापन

**कोसली।** राजकीय महाविद्यालय जाटूसाना की ओर से शिव मोहन गोशाला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि आईजीयू के एनएसएस समन्वयक डा. मुकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सिर्फ एक शिविर नहीं है, बल्कि यह युवा व्यक्तित्व में सामाजिक जागरूकता, सेवा-भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने वाला मंच है, जिसमें स्वयंसेवक समाज समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण तथा दूसरों के प्रति सेवा भावना को वास्तविक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्राचार्या डा. प्रीति यादव, डा. विजय सिंह, डा. देवेंद्र सिंह तथा डा. महेश कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। श्रेष्ठ स्वयं सेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। स्कूल को सुचारू रखने को लेकर बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों ने की सत्य भारती स्कूल को सुचारू रखने की मांग

**मूंदी।** नांगल मूंदी स्थित भारती फाउंडेशन संस्था के सत्य भारती स्कूल को सुचारू रूप से चलाने के लिए एडवोकेट सूर्यकांत यादव की अध्यक्षता में संस्था व क्षेत्र के प्रमुख लोगों की एक बैठक आयोजित हुई। लोगों ने अधिकारियों से 31 मार्च से स्कूल को बंद न करके इसको सुचारू रूप से चलाने का आग्रह किया। बैठक में भारती फाउंडेशन के सीईओ बीनू नायर के साथ प्रोग्राम हेड आशुतोष मिश्रा, रीजनल हेड मनीष झा, जिला अधिकारी आरके यादव व डीएसए सुरेश कुमार उपस्थित थे। भारती फाउंडेशन ने 2009 में हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश पर ग्राम पंचायत के सहयोग से गावों में स्कूलों का संचालन शुरू किया था। मीटिंग में पूर्व सरपंच विजय, प्रभुदयाल सरपंच, एडवोकेट सूर्यकांत यादव, यशोधन पंच, सुंदर देवी सरपंच, अमित सरपंच, सुमन सरपंच, शमशेर पंच, मांगेराम पंच, एसएमसी प्रमुख बाबूलाल, शमशेर, सतीश, मोनू, अनिता पंच व पिंकी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए नया अभियान शुरू

**रेवाड़ी।** मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। यह अभियान अदालतों पर मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को सरल तथा सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत 2 जनवरी से उचित लंबित मुकदमों को समझौता केंद्र में भेजा जाएगा तथा मुकदमों में मध्यस्थता केंद्र द्वारा समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्य के विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाजन मामले, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे, जिन लोगों के मुकदमे विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं, वह संबंधित अदालत के द्वारा अपने मुकदमे समझौते के लिए समझौता केंद्र रेवाड़ी में भिजवा सकते हैं। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि मध्यस्थता द्वारा मामले आसानी से तथा आपसी भाईचारे से सुलझाया जा सकते हैं। इससे समय तथा धन दोनों की ही बचत होती है तथा आपस में भाईचारा बढ़ता है। उच्चतम न्यायालय की ओर से आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274-220 062 पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



सीजेएम अमित वर्मा



रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संगठनों के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू न करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** समाज के स्वर्णजातीय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े कुछ व्यक्तियों ने उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिकाएं दायर करके अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू करने की मांग की है। इस विषय में उच्चतम न्यायालय ने 12 जनवरी को केंद्र सरकार तथा सभी राज्य सरकारों को अपना पक्ष एवं रुख स्पष्ट करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन याचिकाओं के विरोध में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं ने शुक्रवार को विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार तथा सीटीएम जितेन्द्र कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति तथा हरियाणा के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने केंद्र सरकार एवं हरियाणा सरकार से अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू न करने की मांग की है।

### श्याम दीवाना मंडल के कैंप में 56 यूनिट रक्त एकत्रित

**रेवाड़ी।** श्री श्याम दीवाना मंडल ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को अक्षत खीरबांट की याद में श्रीश्याम मंदिर सोलहराही में स्वैच्छिक रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सिविल हॉस्पिटल टीम ने ब्लड कैंप तथा मार्स अस्पताल ने स्वास्थ्य जांच में योगदान दिया। डॉक्टरों ने लोगों के बी पी, शुगर और ईसीजी की जांच की तथा कैंप में 56 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं को रेडक्रास की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर नेहा कुमारी और अंकिता ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्याम दीवाना मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष रिटायर्ड ईओ मनोज यादव, बिट्टू, नवनीत सोनी, कैलाश यादव मनेठी, जतिन चक्रवर्ती, धीरज खीरबांट, राजू खीरबांट, संजय खीरबांट, विक्रम यादव, बब्लू, रवींद्र खीरबांट, सुरेन्द्र खीरबांट, राजू, रिद्धिमा अरोड़ा, पूजा, पूनम सोनी, मुकेश, ज्योति वर्मा, सन्नी नागपाल, गीतांजलि चक्रवर्ती, नीतू वर्मा व पायल यादव सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सोलहराही मंदिर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। छात्रा पूर्वी प्राचार्य व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### आरडीएस कॉलेज की छात्रा पूर्वी का युवा महोत्सव के लिए चयन

**रेवाड़ी।** आरडीएस पीजी कॉलेज की बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा पूर्वी का चयन 39वें अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर-मध्य क्षेत्र युवा महोत्सव के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार भट्टेवाला, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव प्रवीन अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष प्रोमिला भार्गव ने छात्रा को बधाई दी। प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने छात्रा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. मिथलेश यादव ने कहा कि यह चयन महाविद्यालय की सुदृढ़ सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाता है। शुक्रवार को छात्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति के सदस्य डा. पिंकी शर्मा, डा. प्रवीन, क्रांति शर्मा, रेनू यादव और शानू यादव उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न रेवाड़ी से पांच प्रशिक्षक हुए शामिल

- भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षुओं ने योगासन खेल के वैश्विक मानकों और बारीकियों को सीखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

योगासन भारत की ओर से कुरुक्षेत्र स्थित गीता ज्ञान संस्थान में पांच दिवसीय नेशनल योगासन जज ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षुओं ने योगासन खेल के वैश्विक मानकों और बारीकियों को सीखा। रेवाड़ी से पांच योग प्रशिक्षओं ने कैंप मे ट्रेनिंग ली। कार्यक्रम का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर वीरेंद्र पाल ने किया था।



रेवाड़ी। शिविर में अन्य प्रशिक्षकों के साथ मौजूद रेवाड़ी के प्रतिनिधि।

उन्होंने कहा कि योगासन को खेल के रूप में स्थापित करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम जजों की आवश्यकता है। शिविर के समापन अवसर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन व वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य ने कहा कि योगासन आज एक प्रतिस्पर्धी खेल बन चुका है।

## सावित्रीबाई फुले महाविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजन

# ग्रुप डांस में तनीषा व नगीना ने मारी बाजी, रही प्रथम

**सांस्कृतिक उत्सव में एकल नृत्य हरियाणवी, समूह नृत्य हरियाणवी, गायन व स्किट नाटक आयोजन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजन किया गया। उच्चतर जिला शिक्षा अधिकारी व कॉलेज प्राचार्या डा. ज्योति यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डा. ज्योति ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से न सिर्फ हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए भी अति आवश्यक है। उन्होंने आयोजन के लिए महाविद्यालय की कल्चरल कमेटी की सराहना की। सांस्कृतिक उत्सव में एकल नृत्य हरियाणवी, समूह नृत्य हरियाणवी, गायन व स्किट नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्टाफ सचिव डा. सुनीता यादव ने मंच संचालन किया तथा निर्णायक मंडल के रूप में डा. धीरज, डा. शर्मिला और डा. पूनम पूनिया मौजूद रही। कार्यक्रम की संयोजक व कल्चरल कमेटी की अध्यक्ष डा. रितु चौधरी ने सभी का धन्यवाद किया।






रेवाड़ी। उमंग उत्सव में हरियाणवी डांस करती छात्राएं व विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ।

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

एकल नृत्य हरियाणवी में भावना व तनीषा ने प्रथम, शिवानी व नेहा ने द्वितीय तथा नगीना व रचना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस में तनीषा व नगीना ने पहला, नीतिका एवं टीम ने द्वितीय तथा ज्योति व तमन्ना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में मधु प्रथम, रानी द्वितीय एवं मनीषा तृतीय स्थान पर रही। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने पर्यावरण स्वच्छता, बाल विवाह एवं एड्स जैसी समस्याओं पर सामाजिक संदेश दिया। नाटक में हिमांशी एवं टीम ने पहला, खुशी एवं टीम ने द्वितीय तथा जया एंव टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।